TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




**2024**

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 03 मई

1. **अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस–** यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के द्वारा वर्ष 1991 से 3 मई को अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य प्रेस की आजादी और जन–जन तक समाचार पहुँचाने वाले मीडिया कर्मियों का सम्मान करने के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर यूनेस्को द्वारा वर्ष 1997 से प्रेस की स्वतंत्रता के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले को गिलरेमो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज प्रदान किया जाता है। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद–19 में भारतीयों को दिये गये अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार में निहित है।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की पाठ्यपुस्तक **'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन भाग–2' के अध्याय 6 'मीडिया और लोकतंत्र'** से जोड़कर चर्चा करें।
2. **अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस–** सूर्य सौरमंडल में प्रकाश और ऊर्जा का अक्षय स्रोत है। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष 3 मई को अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने वर्ष 1978 से किया था।
   - **संदर्भः** कक्षा पाँच की पाठ्यपुस्तक **'पर्यावरण और हम भाग 3' के अध्याय 14** 'सूरज एक काम अनेक' के साथ जोड़कर सौर ऊर्जा के उपयोग पर चर्चा करें।

- **क्या आप जानते हैं?** 3 मई, 1913 को दादा साहेब फाल्के की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' रिलीज हुई थी।




Friday



Madhu priya

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस





अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस
प्रत्येक वर्ष 3 मई को मनाया जाता है। वर्ष 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के 'जन सूचना विभाग' ने मिलकर इसे मनाने का निर्णय किया था।'संयुक्त राष्ट्र महासभा' ने भी '3 मई' को 'अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस' की घोषणा की थी। यूनेस्को महासम्मेलन के 26वें सत्र में 1993 में इससे संबंधित प्रस्ताव को स्वीकार किया गया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है।प्रत्येक वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल इसका आयोजन उरुग्वे में किया जा रहा है। डिजिटलीकरण के आगमन के साथ, 2022 के लिए यूनेस्को के विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की थीम 'डिजिटल घेराबंदी के तहत पत्रकारिता' है।
विषय इस बात पर केंद्रित है कि कैसे आज की पत्रकारिता कई डिजिटल निगरानी रणनीतियों और पत्रकारों पर हमलों से खतरे में है। इसका उद्देश्य डिजिटल संचार में जनता के भरोसे पर सच्ची पत्रकारिता पर पड़ने वाले डिजिटलीकरण के परिणामों को उजागर करना है।

Your paragraph text
/teachersofbihar

# पुण्यतिथि विशेष 03 मई

राकेश कुमार




**डॉ. ज़ाकिर हुसैन** *Zakir Hussain*, जन्म: 8 फ़रवरी, 1897; मृत्यु: 3 मई, 1969) भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल 13 मई 1967 से 3 मई 1969 तक रहा। डॉ. जाकिर हुसैन मशहूर शिक्षाविद् और आधुनिक भारत के द्रष्टाथे। ये बिहार के राज्यपाल (कार्यकाल- 1957 से 1962 तक) और भारत के उपराष्ट्रपति (कार्यकाल- 1962 से 1967 तक) भी रहे। उन्हें वर्ष 1963 मे भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1969 में असमय देहावसान के कारण वे अपना राष्ट्रपति कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.05.2024

## उच्चारण स्थान

स्वनविज्ञान के सन्दर्भ में, मुख गुहा के उन 'लगभग अचल' स्थानों को उच्चारण बिन्दु (articulation point या place of articulation) कहते हैं जिनको 'चल वस्तुएँ' छूकर जब ध्वनि मार्ग में बाधा डालती हैं तो उन व्यंजनों का उच्चारण होता है। उत्पन्न व्यंजन की विशिष्ट प्रकृति मुख्यतः तीन बातों पर निर्भर करती है- उच्चारण स्थान, उच्चारण विधि और स्वनन (फोनेशन)। मुख गुहा में 'अचल उच्चारक' मुख्यतः मुखगुहा की छत का कोई भाग होता है जबकि 'चल उच्चारक' मुख्यतः जिह्वा, नीचे वाला ओठ, तथा श्वासद्वार (ग्लोटिस) हैं।

# प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने हाथ से लिखा है हमारा संविधान

दुनिया के सबसे बड़े भारतीय संविधान की मूल कॉपी हाथ से लिखी गई है।



हमारे संविधान की मूल कॉपी अंग्रेजी में है, जिसका हिंदी में अनुवाद किया गया।

संविधान की मूल अंग्रेजी कॉपी कैलिग्राफर प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने लिखी है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## T-20



QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 374

**भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली दूसरी भाषा कौन सी है?**



A. उड़िया

B. मराठी

C. बंगाली

D. गुजराती

www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

# TOB बूझो तो जानें..

391

लाल हूँ, खाती हूँ मैं सूखी घास, पानी पीकर मर जाऊँ, जल जाए जो आए मेरे पास..... बुझो तो जानें ?

www.teachersofbihar.org


संजय कुमार

# अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस




मधु प्रिया

**इस दिन को मनाने का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है।**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री
वी. के. कृष्ण मेनन
जी की जयंती पर नमन।
जन्म- 3 मई 1896 - मृत्यु- 6 अक्टूबर 1974
/teachersofbihar
मधु प्रिया

पुण्यतिथि विशेष


**03 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मैं मजबूती से इस सच के साथ खड़ा हूं कि वास्तव में शिक्षा से ही राष्ट्र के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है।



**डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन**

**( भारत के पूर्व राष्ट्रपति )**

**जन्म: 08 फरवरी 1897 मृत्यु: 03 मई 1969**

राकेश कुमार